
# श्री जी गोसदन
## नोएडा

# गो संदेश

वर्ष : 13 • अंक : 4 • जुलाई, 2025

## सम्पादकीय

आदरणीय बन्धुवर,

सादर अभिवादन।

आशा है आप सानन्द होंगे। इस बार नोएडा में सावन कई साल बाद बरस रहा है। सामान्यतया नोएडा में बरसात कम ही होती है।

इस बार दो अच्छे समाचार गौशाला की दृष्टि से आये। पहला भारत सरकार ने धन–धान्य कृषि योजना प्रारम्भ की है। इसके अन्तर्गत भारत सरकार 24000 करोड़ खर्च करेगी। देश के कृषि उत्पादन में पिछड़े 100 जिलों को चयनित किया जायेगा। हर राज्य से कम से कम एक जिले को इसमें शामिल किया जायेगा। इसमें छोटे किसानों को आधुनिक व लाभकारी खेती की ओर बढ़ने पर बल दिया जायेगा। यह अन्नदाता के सम्मान व कृषि एवं किसान कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। फसलों के विविधीकरण, पंचायत प्रखंड स्तर पर भंडारण क्षमता में वृद्धि व सिचाई सुविधा में विस्तार जैसी महत्वपूर्ण दिशा में विशेष प्रयास किया जायेगा।

दूसरा भारत के ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौता, जिसमें भारत ने किसानों की जरूरतों व हितों पर कोई समझौता नहीं किया हैं। अमेरिका के साथ यह समझौता किसानों के हित संरक्षण के संकल्प के कारण ही नहीं हो पा रहा है। भारत अमेरिका के सामने सीना तान कर खड़ा है। अमेरिका भी यह समझौता करेगा अवश्य ही।

किसानों की आय में कृषि से आय का योगदान अभी 33% ही है। यह कहीं हद तक बढ़ाने की आवश्यकता है। हर तरफ से उन्नत कृषि व अन्तराष्ट्रीय दवावों से मुक्त कृषि ही इस योगदान को बढ़ा सकती है।

एक और अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रम से आपको अवगत कराता हूँ। भारत खाद आपूर्ति के लिए कहीं हद तक चीन पर निर्भर है, विशेष रूप से DAP खाद के लिये। चीन ने इसके export में भारी कटौती कर रखी है। भारत ने प्रयत्नपूर्वक इसका अन्तर्राष्ट्रीय विकल्प बनाया है। लेकिन यह संघर्ष अभी जारी है। गोबर पर अनुसंधान की महत्ती आवश्यकता है ताकि

शेष पृष्ठ 3 पर...

## अध्यक्ष की कलम से

परम प्रियजन,

नमन वन्दन एवं अभिनन्दन!

श्री जी गो सदन परिवार आप सभी मित्रों के स्वास्थ्य एवं प्रसन्नचित जीवन की श्री राधा कृष्ण एवं गोमाता से कामना करता हूँ। इस धर्म संगत श्रवण मास में शिवशंकर के जलाभिषेक अनुष्ठान जारी हैं। जिसमें भगवान महादेव की कृपा हम सभी पर भी बनी रहेगी ऐसी आशा एवं प्रार्थना है।

प्रिय गो भक्तों आपको बताते हुए हर्ष हो रहा है कि जुलाई माह के हवन में गौशाला की कार्यकारणी के लगभग 50 परिवारों ने हवन किया। यह हवन शान सागर जी एवं श्रीमती शीलू सागर जी के सान्धिय में सर्वजन मंगल कामना के साथ सम्पन्न हुआ। इस सामुहिक हवन में सभी ने गोमाता का आशीर्वाद लिया।

मित्रों इस सावन माह में भगवान महादेव का बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ रुद्राभिषेक हर सोमवार हो रहा है। इस रुद्राभिषेक की कड़ी में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा बहुत सुन्दर रुद्राभिषेक का कार्यक्रम गौशाला में किया गया।

मित्रों इस माह गौशाला में पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम भारत विकास परिषद् नोएडा द्वारा किया गया।

मित्रों भारतीय जनता पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष श्री महेश चौहान जी ने अपना जन्मदिन गौशाला में गो सेवा करके मनाया।

इस माह 56 भोग का आयोजन श्री देवेन्द्र गंगल जी के परिवार द्वारा किया गया एवं परिवार ईष्ट मित्रों द्वारा गोमाता को 56 भोग खिलाकर आशीर्वाद लिया। आप सभी गो भक्तों से अनुरोध है कि गौशाला में 56 भोग कराये एवं गोमाता की सेवा, आशीर्वाद प्राप्त करें।

प्रिय गो भक्तों गोमाता को हरा चारा उपलब्ध कराने की कड़ी में हरा चारा कटाई के लिए नयी मशीन लगाई गयी है।

प्रिय गो भक्तों गौशाला में गोबर और गोमूत्र से नये गो उत्पाद बनाने की कड़ी में कमा. विनोद गुप्ता जी के सान्धिय

शेष पृष्ठ 3 पर...

## मासिक हवन

**दिनांक :** रविवार, 3 अगस्त, 2025 • **समय :** प्रातः 9.00 बजे • **स्थान :** गोशाला प्रांगण

**यजमान :** **श्री अरुण बंसल, श्री विनय अग्रवाल** (अध्यक्ष – नोएडा वैश्य संगठन), **श्री अरविंद शर्मा** (ईस्ट ऑफ कैलाश), **श्री मनीष अग्रवाल, श्री संजय गर्ग, श्री महेश चौहान, श्रीमती अमिता अरुण सिंघल, श्री नरेंद्र गुप्ता, श्री अरुण बंसल, श्री अरविन्द विदानी, श्री अखिलेश भदौरिया एवं श्री के.वी. सिंह।**

# गौशाला उत्पाद




## श्री जी गौरस

योग एक आध्यात्मिक प्रतिक्रिया है, जिसमें शरीर, मन, आत्मा और ब्रह्माण्ड को एक साथ लाने का कार्य किया जाता है। योग बीमारियों को दूर रख सकता है। आपके शरीर को स्वस्थ रखने हेतु श्रीजी गौसदन गौमूत्र पर आधारित अपने नये उत्पाद श्रीजी गौरस को प्रस्तुत कर रही है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की प्रदूषित हवा ने हम सभी के फेफड़ों पर बहुत बुरा असर डाला है। शिकागो विश्वविद्यालय कहता है, इस भाग के निवासी अपने जीवन के साढ़े सात साल कम कर बेठेंगे। दिल्ली और आसपास के इलाके का हाल और बेहाल है।

प्रदूषित हवा फेफड़ों पर प्रतिकूल असर करती है। सबसे पहले गला, साँस की नली, नाक और कान पर असर पड़ता है। फिर फेफड़े और शरीर के अन्य अंगों पर भयंकर बीमारियाँ जैसे कैंसर, दिल, लीवर, किडनी, आंतों और आपका पाचन सिस्टम खराब करता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक कोरोना महामारी के बाद मानसिक रूप से बीमार लोगों की संख्या में भी बड़ा इजाफा हुआ है। दुनिया का हर आठवां व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ है। दवाओं की जरूरत आठ साल में दोगुनी हो जाएगी। अभी विश्व में सालाना 78,427 अरब अमेरिकी डॉलर का कारोबार है। इन दवाओं पर निर्भरता घटाना परम आवश्यक है।

श्री जी गोसदन ने स्वस्थ देशी गायों के मूत्र को संशोधित करके अधिक प्रभावकारी प्रतिजैविक रोगाणु रोधक (Antiseptic), कवकरोधी (Antifungal) और प्रति जीवाणु (Antibacterial) गौरस बनाया है। ये गंधहीन, सुगंधित और जीवाणु वृद्धि के लिए प्रतिरोधी है।

गौरस में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सारे मिनरल जैसे पोटेशियम, सोडियम, कैल्शियम, मैगनीज, आयरन, जिंक, मैग्नीशियम, कॉपर, करोमियम, कोबाल्ट, आयोडीन, विटामिन C, B1, B2, B3, B6 और B12 आदि होते हैं। गौरस (Immunity Booster) जैविक टॉनिक है। इसमें प्राकृतिक शिलाजीत शक्ति है, यह शरीर में अच्छे सेल उत्पन्न करती है तथा सब बीमारियों का राम बाण इलाज है। गौरस पीयें और स्वस्थ जीवन जीयें। आप स्वस्थ, तो घर में खुशी और स्वास्थ का बचाव। समाज स्वस्थ तो राष्ट्र मजबूत होगा। यह उत्पाद 500 एमएल के पैक में मात्र 100 रुपये में गौशाला से लिया जा सकता है।




## गौ नाईल

सफाई मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। प्रदूषण कीड़े–मकोड़ों को जन्म देता है। हर व्यक्ति अपने पैर और शरीर पर अदृश्य कीड़ों को घर और ऑफिस में लाता है। इन सबसे बीमारी फैलना सम्भव हैं।

श्रीजी गौसदन, नौएडा ने गौमूत्र आधारित गौनाईल बनाया है। गौमूत्र में कीटाणुओं को मारने की क्षमता है। दूसरी फिनाईल्स में कैमिकल्स का उपयोग होता है। यह स्वास्थ्य और फर्श के मार्बल और टाईल्स को खराब करता है। बाजार में आजकल कलरफुल फिनाईल मिल रही हैं जो सस्ती तो हैं लेकिन नुकसानदायक हैं।

गोनाईल कॉकरोच, मच्छर भगाने, सीवर को साफ करने के लिए और कूलर की दुर्गन्ध दूर करने के लिए सर्वोत्तम हैं। यह एक और पाँच लीटर के पैक में गौशाला में उपलब्ध है। कृपया अपनाएँ और परिवार को स्वस्थ रखें।



## गौ क्लीन


सफाई स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। प्रदूषण से न दिखने वाले कीटाणु सतह पर जम जाते हैं। उस जगह को छूने से कीटाणु शरीर में प्रवेश कर बीमारी को जन्म देते हैं। गौ क्लीन शुद्ध गौमूत्र से निर्मित किया गया है। गौ मूत्र में कीटाणु मारने की शक्ति है।




गौ क्लीन को ग्लास, प्लास्टिक, प्लाई वुड इत्यादि की सतह पर स्प्रे करें और कुछ समय पश्चात् साफ मुलायम कपड़े से पोंछ दें। सतह साफ होकर और चमक जायेंगी।

गौ क्लीन डाइनिंग टेबल, दरवाजे और हैंडल, ग्लास, खिड़कियों और किचन अपलाईंस को साफ करने के लिए उपयोग में लायें।

**नोट** : इसे बच्चों की पहुँच से दूर रखें और बिजली पॉईंट पर न उपयोग करें।

## श्री जी गो दर्द नाशक तेल

यह अरंडी, गोरस, तिल के तेल और अन्य आयुर्वेदिक जड़ी–बूटियों से निर्मित तेल है जो जोड़ों के दर्द से राहत दिलाता है।

जल्दी आराम के लिए दर्द वाली जगह पर कुछ बूँदें डालकर हल्की मालिश करें और कपड़े से बाँध लें।

**श्रीजी गौसदन**

भूखण्ड संख्या–07, गौशाला मार्ग, सैक्टर–94, नौएडा (उ0 प्र0)

## श्री जी गो सम्ब्रानी कप

शुद्धि एवं सुगन्धित वातावरण के लिए

छोटे बच्चों और ज्वलनशील पदार्थ से दूर रखें।



सम्ब्रानी कप की ऊपरी सतह को जलाकर सुरक्षित स्थान पर रखें।

**श्रीजी गौसदन**

भूखण्ड संख्या–07, गौशाला मार्ग, सैक्टर–94, नौएडा (उ0 प्र0)

**सम्पादकीय...** (पृष्ठ 1 का शेष...)

पता लग सके कि गोबर किस तरह की खाद का विकल्प बन सकता है।

विदेशों में तो गाय के गोबर की माँग बढ़ रही है। मेरे एक मित्र हैं जिनका Export का ही काम है उन्होंने गोबर की Compost खाद का निर्यात करने का बीड़ा उठाया है। इस रविवार को सम्भव हुआ तो उन्हें गौशाला में आमंत्रित कर गौशाला को भी इनके इस प्रयास में शामिल करेंगे।

आप सभी भी लगातार गौशाला से जुड़े रहे हैं। गौशाला के हित चिन्तक परिवारों में लगातार वृद्धि हो रही है। आप अपने जीवनचर्या में गौशाला को भी शामिल रखें। इसके उन्नयन में जो भी विचार, कार्ययोजना आपके ध्यान में आये इसे प्रबन्ध समिति के लोगों से बाँटें। जिससे उसको अमल में लाया जा सके। 3 अगस्त के हवन में आपसे मुलाकात होगी। आइयेगा अवश्य।

– आपका अपना

**महेश बाबू गुप्ता**
(mahesh@mbgupta.com)

**अध्यक्ष की कलम से...** (पृष्ठ 1 का शेष...)

में सम्ब्रानी कप, जोड़ों का दर्द निवारक तेल बनाया गया है जो आप गोशाला से प्राप्त कर सकते हैं।

मित्रों ऑफिस ब्लॉक में 20 किलोवाट का पावर बैकअप उपलब्ध करा दिया गया है। अब आप कोई भी कार्यक्रम भारत भवन में कर सकते हैं।

मित्रों गौशाला प्रांगण में आगामी 15 अगस्त, 2025 को ध्वजारोहण का कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से शुरू हो जायेगा, जिसमें आप सभी सादर आमन्त्रित हैं।

गोसदन की आत्मनिर्भरता के लिए विभिन्न प्रकल्पों पर विचार निरन्तर जारी है। आपके सहयोग समर्थन की आशा के साथ हम आप सभी के उज्जवल भविष्य एवं सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

आप सभी के निरन्तर सहयोग के लिए अग्रिम आभार सहित!

– आपका अपना

**विकास अग्रवाल**
(vikas18noida@yahoo.com)

## गौशाला में आयोजित कार्यक्रमों की झलकियां



श्री महेश चौहान, अध्यक्ष– महानगर, बीजेपी, अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में गौसेवा करते हुए





8 जुलाई को गोशाला में 56 भोग के आयोजन पर गोशाला प्रबंधन द्वारा श्री देवेंद्र गंगल व उनके पूज्य पिता व माता जी का सम्मान







7 जुलाई के मासिक हवन की झलकियां, आप सभी सहभागियों का धन्यवाद एवं साधुवाद

## गौसदन में सहयोग के प्रकार

| | | |
|---|---|---|
| मासिक हवन (प्रातः 9 बजे) | : | रू॰ 3,100/– (मास के प्रथम रविवार को – यजमान सहयोग) |
| गौग्रास योजना | : | रू॰ 500 से 5,000/– तक मासिक |
| हरा चारा सहयोग | : | रू॰ 5,100/– |
| सवामनी दलिया | : | रू॰ 5,100/– |
| गाय अडॉप्शन योजना | : | रू॰ 11,000/– (प्रति गाय) (प्रतिवर्ष – गाय की आयु तक) |
| गौदान | : | रू॰ 31,000/– |
| छप्पन भोग | : | रू॰ 31,000/– |
| भूसा सहयोग | : | रू॰ 1,01,000/– (लगभग 1 ट्रक) |
| खल, चोकर व छिलका | : | रू॰ 1,01,000/– |

## अपील

वर्तमान में गौशाला में लगभग 1700 से अधिक गोवंश हैं। भूसा/चारे का खर्च भी लगातार बढ़ रहा है। गोपाष्टमी में जिन बंधुओं ने भूसा दान की घोषणा की थी, उन सभी से विनम्र निवेदन है कि इस कार्य को यथाशीघ्र सम्पन्न करें।

## श्री जी गोसदन


(पंजीकृत सोसायटी सं.–592, अधिनियम सं.–21, सन् 1860 के अर्न्तगत)

**भूखण्ड सं. 7, सैक्टर 94, नौएडा (उ.प्र.)**

**मो. : 8882425010**

ई–मेल : shreejeegausadan94@gmail.com

वेबसाइट : **www.shreejeegausadan.com**

**अध्यक्ष** : **सीए विकास अग्रवाल** (मो. : 9810015863)

**महासचिव** : **श्री सुशील भारद्वाज** (मो. : 7982002929)

**कोषाध्यक्ष** : **सीएस संजय गुप्ता** (मो. : 9873410688 )

**प्रबन्धक** : **श्री संतोष सिंह** (मो. : 7428350639)


दान/सहयोग राशि हेतु जानकारी :

**SHREE JEE GAUSADAN**

Account No. : **923010022147753**

Name of Bank : **AXIS BANK**
Sector 44, Noida (U.P.)

IFSC Code : **UTIB0001788**

अथवा **QR** कोड स्कैन करें


PRAVEK

100 % शुद्ध और परिश्रुत

# गोजल

## पाचन क्रिया सुधार हेतु




200 मिली के पैक में उपलब्ध

आयुर्वेद में गाय के गौमूत्र को एक संजीवनी कहा गया है, जो रोगों को भगाए और दीर्घायु प्रदान करे।

प्रवेक गोजल को आसवन के बाद काँच की बोतल में पैक किया जाता है, ताकि वह सभी अशुद्धियों से मुक्त हो व गोजल के स्वाभाविक रुपी अम्लीय गुणों से बचाता हो।

**उपयोग**

- कृमि रोग
- कण्डू रोग
- कुष्ठ रोग
- दोष जन्य उदर विकार
- अफारा
- मेदोरोग
- अध्यमान, आदि में लाभकारी

**मात्रा**

20 मिली प्रवेक गौजल को जल में मिलाकर दिन में एक बार या चिकित्सक के परामर्शानुसार लें।

CUSTOMER CARE
+91 9990990999 | customercare@pravek.com
www.pravek.com